अमर उजाला

बाल दिवस : बच्चों के नाम रहीं स्कूली गतिविधियां

स्कूलों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, कई बच्चे चाचा नेहरू की वेशभूषा में पहुंचे

अमर उजाला ब्यूरो
गुरुग्राम।

शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मंगलवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति दी। वहीं शहर की विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं ने भी बच्चों के साथ मिलकर धूमधाम से बाल दिवस मनाया।

सेक्टर-40 स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के मौके पर 'गुरु का शिष्य के प्रति प्यार' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा चौथी के अध्यापकों ने 'उदारता' विषय पर नाटक का मंचन किया। दूसरी व तीसरी कक्षा के अध्यापकों ने रॉक बैंड प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा पांचवीं के अध्यापकों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया। एक अध्यापक ने चाचा नेहरू का वेश धारण कर सभी बच्चों को पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन से जुड़ी बातों की जानकारी दी।

केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में अलग-अलग वेशभूषा में पहुंचे बच्चे।

कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने बच्चों को दिए उपहार

सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में बाल दिवस के मौके पर छात्रों ने पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए हवन किया। प्री प्राइमरी के छात्रों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपने पसंदीदा कार्टून चरित्र को दर्शाया। यहां चाचा नेहरू के जीवन के बारे में बताया गया।

अंसल विश्वविद्यालय विधिक सहायता केंद्र के सदस्यों ने आनंद आश्रम के मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ समय बिताया। इस दौरान बच्चों को खिलौने, बिस्कुट, कपड़े सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। केंद्र के सदस्यों ने बच्चों के साथ खेल-कूद कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर के बाद प्रमाण पत्र दिए गए।

मानेसर स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में भी बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारत के टॉप 10 मूर्तिकारों में शुमार अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकार टूटू पटनायक ने एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई दी। रूडसेट संस्थान में निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बताया। जिसके बाद प्रशिक्षणार्थियों ने कविताएं, नाटक और गाने प्रस्तुत किए।

अंतरराष्ट्रीय संस्था ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया की ओर से बाल दिवस पर पटौदी रोड स्थित धर्मानी कॉंपलेक्स में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांस व गाने की प्रस्तुति दी। संस्था द्वारा सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को स्वेटर भी वितरित किए गए।

बाल दिवस के अवसर पर 'लौटा बचपन' एनजीओ ने भी आर्य विद्या मंदिर विद्यालय में सर्व सेवा कार्य समिति के सहयोग से 501 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए। सोहना रोड स्थित वाटिका बिजनेस सेंटर ने स्माइल फाउंडेशन के साथ मिलकर बाल दिवस पर बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं रखीं और केक भी काटा। इस्कॉन फूड रिलीफ फाउंडेशन हरियाणा ने बाल दिवस पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। उपायुक्त विनय प्रताप सिंह द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। इस प्रतियोगिता में 6 सरकारी स्कूलों के 4000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

बाल दिवस पर लोगों ने किया रक्तदान

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 25 से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। इस दौरान करीब 25 यूनिट खून एकत्रित किया गया। साथ ही युवाओं को समय-समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया।